Outreach programmes/ Lectures

In the session 2020-21, lectures were delivered in schools with the aim of sensitizing young girls through role models who act as a motivating force to inspire young minds towards gaining empowerment through education and to teach goal setting at an early age. The lectures were delivered by Dr Poonam Siwatch, Assistant Professor, Department of Physics and Dr Priyanka Singh, Assistant Professor, Department of English.

Dr Poonam Siwatch, Assistant Professor, Department of Physics, AKMV Interacting with Girl Students

'छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया'

शाहाबाद मारकंडा, 12 फरवरी (सपरा) : राजकीय माध्यमिक विद्यालय मोहड़ी में मुख्याध्यापिका सविता मोरया व एस.एम.सी. की प्रधान कांता रानी की अध्यक्षता में रोल मॉडल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डा. पूनम सिवाच ने रोल मॉडल के रूप में छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्वयं का उदाहरण देते हुए बताया कि किस प्रकार उन्होंने सरकारी स्कूल से शिक्षा ग्रहण की तथा विवाह उपरांत पीएच.डी. की डिग्री प्राप्त की तथा वर्तमान में आर्य गर्ल्स कालेज में प्रो. के रूप में कार्य कर रही है। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। स्कूल की ओर से डा. पूनम सिवाच को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

छात्राओं को संबोधित करती डा. पूनम सिवाच। (सपरा)

Dr Priyanka Singh, Assistant Professor, Department of English Interacting with Girl Students

छात्राओं को अन्य क्षेत्रों में भागीदारी के लिए प्रेरित किया

कार्यक्रम की मुख्यातिथि डॉ.प्रियंका को सम्मानित करते आयोजक। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

इस्माईलाबाद। समग्र शिक्षा अभियान के तत्वावधान में शहीद बलवीर सिंह राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में रोल मॉडल प्रोग्राम फोर गर्ल्ज मनाया गया।

कार्यक्रम में आर्य कन्या महाविद्यालय शाहाबाद मारकंडा से सहायक प्रो. डॉ. प्रियंका सिंह मुख्यातिथि रही। उन्होंने बालिकाओं को जीवन में अपना लक्ष्य निर्धारित करते हुए अपनी पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के समापन पर मुख्यातिथि डॉ. प्रियंका, सरोज बाला और सुदेश रानी को विभाग की ओर से सम्मानित किया गया।

इस मौके पर प्रधानाचार्य अजायब सिंह, एबीआरसी विष्णु राम, तेजपाल, जितेंद्र, धूम सिंह राणा, परमजीत कौर, राजेंद्र बिंदल, सुमिता खुराना, सुशील कुमार, प्रवीन कुमार, सुनीता राणा सहित स्टाफ व छात्र मौजूद रहे। उधर, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को रोल मॉडल गतिविधियों के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. प्रियंका मुख्यातिथि रही।

उन्होंने महिला सशक्तिकरण की जानकारी दी। इस मौके पर प्रधानाचार्य विजेंद्र सिंह, सुनीता रानी, अंजु गर्ग, सरोज बाला, विपिन बहल, वीना मेहता, बलजिंद्र कौर, गुलशन उपस्थित रहे। इसके अलावा गांव खेडी शहीदां राजकीय माध्यमिक विद्यालय में भी रोल मॉडल प्रियंका ने कक्षा छठी से आठवीं की छात्राओं को संबोधित किया।

इस अवसर पर विद्यालय प्रभारी डॉ. संतोष, सुरेश कुमार, एसएमसी प्रधान, सरपंच अनिल सैनी, पंच व एएनएम कैलाशवंती, आंगनबाडी वर्कर नीलम रानी, कमलकांत, मधु, ज्ञान सिंह, जयभगवान, राजबीर, करणवीर, अमित, रीतु मौजूद रहे।

Dr Priyanka Singh, Assistant Professor, Department of English Interacting with Girl Students